**पहल** ग्राम पंचायत सतरिया का ऐतिहासिक निर्णय, शराब पीकर उत्पात मचाने वालों पर भी पाबंदी

# अवैध शराब और मांस की बिक्री पर लगी रोक





**नवभारत,दमोह 14 सितंबर।** जनपद पंचायत पटेरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सतरिया में एक ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है. समस्त ग्रामीणों की मौजूदगी में यह फैसला हुआ है कि अब से ग्राम में किसी भी प्रकार की अवैध शराब और अवैध मांस की बिक्री नहीं की जाएगी, साथ ही शराब पीकर गाली-गलौज या उत्पात मचाने पर भी सख्त पाबंदी लगाई गई है.

इस फैसले को लागू करने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है, जो नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेगी.सर्वसम्मति से यह तय किया गया है कि यदि कोई व्यक्ति शराब पीकर गांव में गाली-गलौज करता है तो उस पर 2100 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा. यदि कोई व्यक्ति अवैध शराब बेचते हुए पाया जाता है, तो उसे 5100 रुपये का दंड देना होगा.

## व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया

इस निर्णय को प्रभावी बनाने के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया है, जिसमें गांव के लगभग 100 लोग जुड़े हुए हैं. किसी भी घटना की सूचना इस ग्रुप में साझा की जाएगी. इसके बाद सभी मिलकर दोषी व्यक्ति पर दंडात्मक कार्रवाई करेंगे. जुर्माने के रूप में वसूले गए पैसे का उपयोग सार्वजनिक स्थलों और धार्मिक कार्यों में किया जाएगा.

## सभी ग्राम पंचायतें ऐसा कदम उठाएं : खटीक

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विधायक प्रतिनिधि लालचंद खटीक ने ग्रामीणों के इस फैसले की सराहना की. उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक निर्णय है, यदि सभी ग्राम पंचायतें इस तरह के कदम उठाएं तो समाज में काफी सुधार हो सकता है.

सरपंच रानी कुशवाहा ने बताया कि हम सभी महिलाओं ने मिलकर यह पहल की है.शराब पीने वाला व्यक्ति घर और गांव में अशांति फैलाता है. इसलिए हमने यह निर्णय लिया है ताकि सभी ग्रामवासी सुख-शांति से जीवन व्यतीत कर सकें.

## पुलिस की सहायता भी ली जाएगी : पाठक

अखिलेश पाठक ने भी इस निर्णय का समर्थन करते हुए कहा कि हम सभी ग्रामवासी यह सुनिश्चित करेंगे कि गांव में कोई भी अवैध शराब या मांस नहीं बिकेगा. उन्होंने यह भी बताया कि यदि कमेटी किसी मामले में निर्णय नहीं कर पाती है, तो थाना पटेरा और पुलिस की सहायता भी ली जाएगी. ग्राम पंचायत सचिव उत्तम कुशवाहा एवं नंदकिशोर पटेल और सरपंच रानी कुशवाहा के नेतृत्व में हुए इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में महिला-पुरुष, छात्र-छात्राएं और शिक्षक शामिल हुए. सभी ने अपने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर रैली निकाली और यह शपथ ली कि वे किसी भी तरह का नशा नहीं करेंगे. यह वाकई में सतरिया गांव के लिए एक ऐतिहासिक और सराहनीय कदम है.



# सीएम राइज स्कूल हेतु भूमि आवंटित

▶ ग्राम हिनौती में होगा शाला भवन का निर्माण

**नवभारत, हटा 14 सितंबर।** शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने एवं विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रनेह क्षेत्र में प्रस्तावित सीएम राइज स्कूल के लिए शासन ने बंधा पटवारी हल्का अंतर्गत आने वाले ग्राम हिनौती में भूमि आवंटित कर दी है.

शासन के नियमों के अनुसार सीएम राइज स्कूल की स्थापना के लिए 5 से 10 हेक्टेयर भूमि आवश्यक होती है, किंतु ग्राम रनेह में चरनोई भूमि का रकबा 2 प्रतिशत से कम होने तथा भू-जल, रास्ता व चरनोई भूमि को छोड़कर पर्याप्त शासकीय भूमि उपलब्ध नहीं होने से यहां आवंटन संभव नहीं हो सका. हालांकि, ग्रामवासी लगातार प्रयासरत रहे कि सीएम राइज स्कूल रनेह में ही स्थापित हो, परंतु शासन के नियम-निर्देशों के चलते यह संभव नहीं हो पाया।

## 20 एकड़ भूमि चिह्नित की गई

सूत्र बताते हैं कि पूर्व में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रनेह की स्थापना के समय भी ऐसी ही स्थिति निर्मित हुई थी.उस समय ग्रामवासियों ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य को देखते हुए लगभग 14 से 16 एकड़ भूमि दान में दी थी. यदि ग्राम के दानदाताओं ने यह पहल नहीं की होती तो आज यह विद्यालय भी रनेह में न होकर किसी अन्य स्थान पर संचालित होता. इन्हीं परिस्थितियों के चलते समीपवर्ती पटवारी हल्का बंधा के ग्राम हिनौती में खसरा नंबर 217 कुल रकबा 9.46 हेक्टेयर में से 8 हेक्टेयर अर्थात 20 एकड़ भूमि मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग हेतु चिह्नित की गई है. कलेक्टर द्वारा भूमि आवंटन हेतु आदेश जारी किया गया.

### एक नजर में

## शुभम वर्मा बने उप पुलिस अधीक्षक



**नवभारत,दमोह।** जिले के होनहार विवेकानंद कालोनी निवासी शुभम वर्मा का चयन संचालक लोक शिक्षण संस्था में हुआ था और वह वर्तमान में भोपाल में पदस्थ है। उन्होंने अथक मेहनत करते हुए एमपीपीएससी 2024 की परीक्षा में 5वीं रैंक प्राप्त की। उन्हें उप पुलिस अधीक्षक के पद पर नियुक्ति मिली है। वह अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं चाचा को देते है। इस सफलता पर मानक पटेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस, अजय टंडन पूर्व विधायक, रतनचंद जैन, मनु मिश्रा, पंकज खरे, अनुनय श्रीवास्तव, मुकेश जैन, मंटु राजकुमार सोनी,प्रफुल्ल श्रीवास्वत, राशु चौहान, अमर राजपूत, मिक्की चंदेल, अनिल खरे आदि ने बधाई दी है।



## जनगणना प्रपत्र में गोंडी धर्म कालम कोड की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**नवभारत,दमोह ।** आदिवासी अधिकार दिवस 13 सितंबर को अखिल गोंडवाना कोयापुनेम भूमिका सेवा संस्था संघद्वारा जनगणना प्रपत्र में गोंडी धर्म कालम कोड की मांग हेतु राष्ट्रपति, राज्यपाल, प्रधानमंत्री, आयुक्त जनगणना नई दिल्ली के नाम तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी को सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला अध्यक्ष बृजेश शाह परस्ते, बबलू शाह मरावी, बलदेव, कमल शाह, यशवंत शाह, जग्गन पहलवान, जित्तू शाह धुर्वे, डेलन शाह धुर्वे पिपरिया, नारायण शाह मरावी, आनंद शाह, देव ठार्ना, श्यामलाल कुर्सेला, लक्ष्मी तेकाम, दिनेश परस्ते, नरेश कुलहस्ते, अजीत धुर्वे, बीएस धुर्वे, प्रदीप मरकाम, प्रमोद मरकाम, सुखदेव मरावी, अलम सिंह मरावी आदि शामिल रहे।

## जिला कांग्रेस की कार्यकारिणी भंग



**नवभारत,दमोह ।** जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन प्रभारी प्रदीप पटेल ने प्रेस विज्ञप्ति करते हुए बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने पूर्व में गठित की गई ।जिला कांग्रेस की कार्यकारिणी भंग कर दी गई है। शीघ्र ही वह समस्त ब्लॉको का दौरा कर सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ताओं व वरिष्ठ कांग्रेसजनों से व्यक्गित मुलाकात कर नवीन कार्यकारिणी का गठन करेगें।

# युवा पीढ़ी नकारात्मकता से रहे दूर : डॉ . मंजू

नेपाल में नकारात्मक सोच द्वारा युवाओं को भ्रमित किया गया



**नवभारत,दमोह 14 सितंबर।** व्यक्ति में चिड़चिड़ापन हार्मोनल अनबैलेंस के कारण होता है, जिसे हम मेडिटेशन द्वारा बैलेंस रख सकते हैं. आज की पीढ़ी नकारात्मक सोच नहीं रखें. किसी के बहकावे में भी नहीं आए. अपना ध्यान अपने भविष्य पर केंद्रित रखें. उक्त उद्गार दमोह में उमंग दिवस के अवसर पर ईएफएजेपीबी कन्या उच्चतर में माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में जिला पंचायत दमोह की उपाध्यक्ष व जिला शिक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ मंजू देवलिया कटारे द्वारा व्यक्त किए गए.

अपने ओजस्वी व्याख्यान में उन्होंने कहा कि हाल ही में नेपाल में नकारात्मक सोच द्वारा युवाओं को भ्रमित किया गया. इस गन जी पीढी द्वारा काफी नुकसान नेपाल में किया गया है, जिसकी कीमत लंबे समय तक इसी पीढ़ी को ही चुकानी है. राष्ट्र विरोधी अपना हित साधन करने के लिए इस तरुण पीढ़ी को आगे करते हैं. अराजकता फैलाकर देश को काफी नुकसान पहुंचाते हैं. इनसे सतर्क रहने की आवश्यकता है.

## मातृशक्ति ही आज सर्वोपरि है : बागरी

एसडीम राजललन बागरी द्वारा कहा गया कि मातृशक्ति ही आज सर्वोपरि है. जिला महिला बाल विकास अधिकारी संजीव मिश्रा द्वारा विद्या अध्ययन के समय एकाग्रता रखने पर बल दिया. उमंग हेल्थ व वैलनेस कार्यकम प्रभारी प्राचार्य अनीता चौहान के मार्गदर्शन में वरिष्ठ व्याख्याता नरेश अहिरवार द्वारा की रूपरेखा बनाई गई व कार्यक्रम को व्यवस्थित किया गया. मंच का संचालन व आभार श्री विपिन तिवारी द्वारा किया गया.

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में नीलू जैन, रितु चौधरी, अपूरवा राजपूत, वंदना राजपूत, रीना चौरसिया, सविता पटेल, नीलू मनप्रीत कौर, कृष्णा मिश्रा, सपना साहू, प्राची श्रीवास्तव, नीलम नायक उपस्थित रहीं। निर्णायक मंडल में राम रतन विश्वकर्मा अजय पाठक, बीडी राय रहे. तीनों विधाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया.।



## रुक्मणी-कृष्ण का विवाह धूमधाम से मनाया गया

**नवभारत,दमोह.** श्री देव जानकी रमण बंदाबहू मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन भगवान रुक्मणी-कृष्ण का विवाह बड़ी धूमधाम से मनाया गया. यह कथा वृंदावन से पधारे श्री रसराज दास जी महाराज द्वारा श्रवण कराई जा रही है. इस कथा को श्रवण करने हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर धार्मिक लाभ अर्जित किया। विवाह में श्री रुक्मणी कृष्ण की भव्य स्वरूप झांकी सजाई गई, जिनका श्रृंगार सीताराम सोनी के द्वारा किया गया.

# अभय व भुवनेश्वरी रहे प्रथम स्थान पर

▶ जिला स्तरीय मोगली बाल उत्सव प्रतियोगिता संपन्न



**नवभारत,दमोह 14 सितंबर।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में जिला स्तरीय मोगली बाल महोत्सव क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य आर पी पटेल व कार्यक्रम प्रभारी प्रमेंद्र जैन के द्वारा सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ जंगल जंगल बात चली है पता चला है गीत के साथ किया गया।

जिले के सभी विकासखडों से जूनियर एवं सीनियर वर्ग में विकासखंड स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम पर स्थान चयनित प्रतिभागियों ने सहभागिता की। प्रश्न मंच का संचालन क्विज मास्टर कमलेश सेन द्वारा किया गया। सीनियर वर्ग से शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह के छात्र अभय चौरसिया एवं शासकीय सरदार पटेल उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा भुवनेश्वरी चक्रवर्ती ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा जूनियर वर्ग में सांदीपनि विद्यालय जबेरा से कु. ओवी जैन एवं आर्जव जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## पेंच अभ्यारण्य का कराया जाएगा भ्रमण

कार्यक्रम का आयोजन मास्टर ट्रेनर मोहन राय व क्विज मास्टर कमलेश सेन के द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर चयनित वरिष्ठ वर्ग एवं कनिष्ठ वर्ग से एक-एक छात्र एवं एक-एक छात्रा प्रतिभागी अक्टूबर माह में पेंच अभ्यारण्य सिवनी भ्रमण हेतु जाएंगे। मार्गदर्शी शिक्षकों में प्रमुख रूप से बहादुर सिंह ठाकुर, माखन साहू, रेखा सिंह, के के यादव उपस्थित रहे। उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य आरपी पटेल, इको क्लब प्रभारी मोहन राय व कार्यक्रम प्रभारी प्रमेंद्र जैन के ने छात्र-छात्राओं का मेडल एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया।

# पोषण के संबध में विस्तार से दी जानकारी

सीएम राईज विद्यालय हटा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**नवभारत,दमोह 14 सितंबर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास जयवंत सिंह वर्मा और परियोजना अधिकारी हटा शिव राय की मौजूदगी में सीएम राईज विद्यालय हटा में पोषण अभियान अंतर्गत किशोर व किशोरियों में पोषण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मौजूद किशोर, बालक और बालिकाओं को पोषण जागरूकता के संबंध में विस्तार से जानकारियां दी गई। जिला कार्यकम अधिकारी जयवंत सिंह वर्मा द्वारा विद्यार्थियों को एनीमिया सहित विभिन्न रोगों, उनके उपचार के संबंध में जागरूक किया। संचालक अनिल जैन और परियोजना अधिकारी हटा शिव राय द्वारा पोषण व तिरंगा थाली पर जानकारी देते हुये छात्र-छात्राओं को पॉक्सो एक्ट व किशोरावस्था एवं उससे संबधित समस्याओं की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में बच्चों को कोमल मूवी के माध्यम से यौन उत्पीड़न के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक मिनी अर्पिता नाथन, केके अठया, कैलाश सेन व विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

**समस्या** सड़क नहीं होने से एंबुलेंस नहीं पहुंच पाती, असुविधाओं के बीच शिक्षा की अलख जगा रहीं दो शिक्षिकाएं

# मूलभूत सुविधाओं को मोहताज आदिवासी बाहुल्य घोघरा गांव





अमर सेन

**कुम्हारी नवभारत 14 सितंबर।** संकुल कुम्हारी से जुड़ा हुआ एक ऐसा स्कूल है जहां व्यवस्थाएं नहीं होने के बावजूद दो शिक्षिकाएं लगन और मेहनत के साथ छात्र-छात्राओं को पढ़ा रही है।गाड़ाघाट पंचायत से जुड़ा हुआ गांव घोघरा जहां पर विद्युत का कनेक्शन नहीं है और आने-जाने के लिए पगडंडी मार्ग का सहारा लेना पड़ता है, क्योंकि सड़क का निर्माण ही नहीं हुआ है।

छोटा सा आदिवासी बाहुल्य गांव मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है। लगातार छात्र-छात्राओं में शिक्षा की अलख जलाती हुई दो शिक्षिकाएं, प्रधान पाठक रंजना चौधरी और पल्लवी श्यामकुंवर द्वारा कक्षा पहली से पांचवी के छात्र-छात्राओं को अध्यापन कार्य कराया जाता है। जब शाला का निरीक्षण किया गया तो पाया कि प्राथमिक शाला में 35 विद्यार्थी दर्ज है, जिसमें से 19 छात्र उपस्थित थे।

## विद्यालय में आना अच्छा लगता है : विद्यार्थी

8 अप्रैल 2023 को रंजना चौधरी ने शिक्षा विभाग की कमान संभाली। तब से कोशिश की गई कि छात्र-छात्राओं को शिक्षण व्यवस्था से जोड़ा जाए और गतिविधियों के माध्यम से उन्हें पढ़ाया जाए। कुछ छात्रों ने जानकारी देते हुए कहा कि मैडम हमें रोज पढ़ती हैं और खेल भी खेलते हैं। प्रियांशु आदिवासी, प्रिंस आदिवासी, परम गोंड़, राखी गोंड़, नीतू गोंड़ आदि छात्र-छात्राओं ने बताया कि विद्यालय में आना अच्छा लगता है।

## गर्भवती महिलाओं को होती सबसे ज्यादा समस्या

ग्रामीणों ने बताया कि सबसे ज्यादा समस्या बीमारियों के समय होती है, क्योंकि सड़क नहीं होने से चार पहिया वाहन के यहां पहुंचने में बड़ी दिक्कत होती है। गांव में आज भी एंबुलेंस नहीं जा पाती, जिससे गर्भवती महिलाओं के लिए बड़ी समस्या होती है। ग्रामीणों बताया कि आजादी के 79 वर्ष होने के बाद भी आज हम लोग प्राचीन सभ्यता का जीवन जीने के लिए मजबूर हैं। कोई यदि रात में बीमार होता है तो स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने के पहले ही उसकी मौत हो जाती है। सड़क मार्ग आज भी नहीं बना है जो बड़ी समस्या बना हुआ है। गांव के बाहर के लोग यहां आने से भी कतराते हैं। पगडंडी के उबड-खाबड़ रास्ते से बाइक से ही सफर करना पड़ता है।

### इनका कहना

शासन प्रशासन को अवगत कराया गया है। ग्रामीणों ने भी कलेक्टर से भेंट कर सड़क निर्माण की मांग की थी, लेकिन आज तक सड़क का निर्माण नहीं हो पाया।

**सुमित्रा यादव**
**सरपंच गाढ़ाघाट**







